# <u>कोटा विश्वविद्यालय, कोटा</u>

महाराव भीमसिंह मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा–324005

क्रमांक– एफ 9( )परीक्षा/कोविको/2018/37654 दिनांक –18.12.2018

**<u>सेमेस्टर परीक्षा एवं मुख्य परीक्षा–2019 हेतु ऑनलाईन परीक्षा/नामांकन आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी विज्ञप्ति</u>**

**कोटा विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा वर्ष 2019 की आयोजित की जाने वाली स्नातक भाग–प्रथम, द्वितीय व तृतीय, स्नातकोत्तर–पूर्वार्द्ध व उत्तरार्द्ध, बी.ए./बी.एससी./बी.कॉम. एडिशनल स्नातक मय व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के नियमित/पूर्व छात्र/स्वयंपाठी अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र निम्नानुसार भरवाया जाना निर्धारित किया गया हैः–**

| ऑनलाइन नामांकन/पात्रता एवं परीक्षा आवेदन पत्र सामान्य परीक्षा शुल्क के साथ जमा कराने की तिथि | ऑनलाइन नामांकन/पात्रता एवं परीक्षा आवेदन पत्र विलम्ब शुल्क राशि रू. 100/– के साथ जमा कराने की तिथि | ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र दो गुना परीक्षा शुल्क के साथ जमा कराने की तिथि | महाविद्यालय/विभाग में परीक्षा आवेदन पत्र मय चालान प्रस्तुत करने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 19.12.2018 से 28.12.2018 तक | 29.12.2018 से 02.01.2019 तक | 03.01.2019 से 07.01.2019 तक | 19.12.2018 से 10.01.2019 तक |

**समस्त सेमेस्टर –प्रथम, तृतीय एवं पंचम् की परीक्षाओं के नियमित/पूर्व छात्रों हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र निम्नानुसार भरवाया जाना निर्धारित किया गया हैः–**

| ऑनलाइन नामांकन/पात्रता एवं परीक्षा आवेदन पत्र सामान्य परीक्षा शुल्क के साथ जमा कराने की तिथि | ऑनलाइन नामांकन/पात्रता एवं परीक्षा आवेदन पत्र विलम्ब शुल्क राशि रू. 100/– के साथ जमा कराने की तिथि | ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र दो गुना परीक्षा शुल्क के साथ जमा कराने की तिथि | महाविद्यालय/विभाग में परीक्षा आवेदन पत्र मय चालान प्रस्तुत करने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 19.12.2018 से 24.12.2018 तक | 25.12.2018 से 27.12.2018 तक | 28.12.2018 से 01.01.2019 तक | 19.12.2018 से 03.01.2019 तक |

***परीक्षा सम्बन्धित अन्य जानकारी एवं परीक्षा समय सारणी हेतु छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट अवश्य देखते रहें।***

**विशेष महत्वपूर्ण निर्देशः–**

1. परीक्षा आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी विस्तृत निर्देश एवं प्रक्रिया विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uok.ac.in अथवा www.univexam.org/Uok/ पर उपलब्ध है। परीक्षा से सम्बन्धित सभी जानकारियों हेतु छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

2. **परीक्षा शुल्क जमा कराने सम्बन्धी चार्जेज** :– समस्त नियमित एवं पूर्व छात्र निर्धारित परीक्षा शुल्क निम्नानुसार ICICI Bank के ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से निम्नानुसार परीक्षा शुल्क जमा करवा सकते हैः–

| **Service Name** | **Charges (In Rs)** |
|---|---|
| Online Payment of Fees through Website of University of Kota **(On ZERO Charges)** | Through Debit Card of any bank : **ZERO** Charges per transaction<br>Through Net Banking of any bank **: ZERO** Charges per transaction |
| **Process flow: Student can visit University Website and click on "ONLINE PAYMENT" tab. The student will be able to pay through any bank debit card or net banking of any bank at ZERO Charges. After successful transaction of fee student can take the print out of their examination form from the University Website. The filled examination form shall be deposited with the respective examination centre/college/department.** | |

3. ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से जमा कराये गये परीक्षा शुल्क विवरण (टोकन नं., जमा राशि व दिनांक) परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी की दोनों प्रतियों में निर्धारित स्थान पर अंकित कर परीक्षार्थी अपने हस्ताक्षर करें तथा हार्ड कॉपी के साथ परीक्षा शुल्क जमा कराने के चालान की मूल प्रति संलग्न करें।

4. परीक्षार्थी परीक्षा फार्म की हार्डकॉपी की दो प्रतियों के साथ, शुल्क रसीद की मूल प्रति संलग्न कर, अन्य आवश्यक दस्तावेजों यथा–अंकतालिकाओं की प्रतियां, माईग्रेशन सर्टिफिकेट इत्यादि सहित शुल्क जमा कराने के पश्चात्, निर्धारित अन्तिम तिथि तक सम्बन्धित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र/विभाग में जमा करावें। पूर्व विद्यार्थी (Ex-Student) परीक्षा फार्म को उसी महाविद्यालय/विभाग में जमा करायें जहाँ वे नियमित (Regular) परीक्षार्थी के रूप में अनुत्तीर्ण घोषित हुए थे। सभी परीक्षार्थी अपना परीक्षा/नामांकन/पात्रता आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग/महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र पर जमा करावें। परीक्षार्थी द्वारा **डाक से विश्वविद्यालय में भेजा गया परीक्षा/नामांकन/पात्रता आवेदन पत्र स्वतः ही निरस्त माना जावेगा।**

5. विश्वविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्र हेतु परीक्षा एवं नामांकन/पात्रता आवेदन शुल्क विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत **आई.सी.आई.सी.आई. पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से ऑनलाईन जमा करवाया गया शुल्क ही मान्य होगा,** ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से किसी भी बैंक के डेबिट कार्ड एवं नेट बैंकिंग के द्वारा परीक्षा शुल्क जमा करवा सकते है। **अन्य किसी बैंक में जमा करवाया गया परीक्षा शुल्क मान्य नहीं होगा, ना ही लौटाया जावेगा। निर्धारित ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के अलावा अन्य किसी माध्यम से जमा करवाया गया परीक्षा शुल्क (जैसे–नकद/बैंक ड्राफ्ट/पोस्टल ऑर्डर आदि) के द्वारा स्वीकार्य नहीं होगा ।**

6. **परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है, कि वह अपना परीक्षा आवेदन पत्र भरने से पूर्व स्वयं अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लेवें एवं परीक्षा आवेदन पत्र सावधानीपूर्वक भरने के पश्चात् ही परीक्षा शुल्क जमा करावें। चूंकि परीक्षार्थी द्वारा स्वंय की गलती से जमा करवाया गया परीक्षा शुल्क लौटाया (Non-Refundable) नहीं जावेगा।**

7. सम्बन्धित महाविद्यालय एवं परीक्षार्थी ध्यान रखें कि चयनित वैकल्पिक विषयों का एक बार चयन करने के पश्चात् किसी भी परिस्थिति में बदलाव सम्भव नहीं होगा।

8. परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र को सावधानी पूर्वक भरें अन्यथा परीक्षार्थी के परीक्षा आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार की गलती जैसे– नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि, नामांकन संख्या इत्यादि में यथासमय संशोधन करवाने पर रू. 100/– प्रति गलती परीक्षार्थी द्वारा विश्वविद्यालय में जमा करवाने पर सुधार सम्भव होगा।

9. **माननीय उच्च न्यायालय के निर्णयानुसार नियमित छात्र/ छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। सम्बन्धित प्राचार्य एवं विश्वविद्यालय विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित कर लेने के पश्चात् ही परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय को अग्रेषित करें।**

10. कोई भी अभ्यर्थी एक सत्र में नियमित/पूर्व छात्र/स्वयंपाठी के रूप में एक से अधिक परीक्षा में नियमानुसार प्रविष्ट नहीं हो सकता है। यदि कोई अभ्यर्थी एक ही सत्र में दो अलग–अलग परीक्षाओं में प्रविष्ट होना पाया जाता है तो अभ्यर्थी के दोनों परीक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त करते हुए, नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

11. विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार में 2½ वर्ष से अधिक समय से निवास करने वाले स्वयंपाठी अभ्यर्थियों को तत्सम्बन्धी प्रमाण पत्र परीक्षा आवेदन पत्र में यथास्थान सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित कराना है।

12. परीक्षा आवेदन पत्र प्रस्तुत करने वाले अभ्यर्थी अपने परीक्षा आवेदन पत्र के साथ पूर्व की सभी सम्बन्धित परीक्षाओं की अंकतालिकाओं की छाया प्रतियां परीक्षा आवेदन पत्र के साथ संलग्न करने से पूर्व सम्बन्धित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र के प्राचार्य/केन्द्राधीक्षक से मूल अंकतालिकाओं से सत्यापित करवाया जाना अनिवार्य है।

13. **माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान से वर्ष 2017 एवं 2018 से पूर्व 12वीं कक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को परीक्षा आवेदन पत्र के साथ 12वीं की मूल अंकतालिका संलग्न करना अनिवार्य है। केवल वर्ष 2017 व 2018 में 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को अंकतालिकाओं की छायाप्रति ही संलग्न की जानी है।**

14. **केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं अन्य राज्यों के मान्यता प्राप्त बोर्डों से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को परीक्षा आवेदन पत्र के साथ मूल अंकतालिकाएं एवं मूल प्रव्रजन प्रमाण पत्र** (Migration Certificate) **संलग्न किया जाना अनिवार्य हैं। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से वर्ष 2018 में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को परीक्षा/नामांकन आवेदन पत्र की हार्डकॉपी के साथ मूल अंकतालिकाओं की छायाप्रति ही संलग्न की जानी है।**

15. **कोटा विश्वविद्यालय, कोटा के अतिरिक्त अन्य विश्वविद्यालयों से स्नातक/स्नातकोत्तर की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थी अपने परीक्षा आवेदन पत्र के साथ मूल अंकतालिकाएं एवं मूल प्रव्रजन प्रमाण पत्र (Migration Certificate) संलग्न किया जाना अनिवार्य हैं। कोटा विश्वविद्यालय, कोटा से उत्तीर्ण स्नातक/स्नातकोत्तर एवं अन्य परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को केवल अंकतालिकाओं की सत्यापित छायाप्रति ही संलग्न करनी है।**

16. **ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी कोई समस्या होने पर छात्र हेल्पलाईन नं. 9549547558 पर सम्पर्क कर सकते हैं।**

परीक्षा नियंत्रक